**CCJSW**

# असाइनमेंट 2026–2027

**आपराधिक न्याय समाज कार्य में प्रमाणपत्र (CCJSW)**

**ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट (TMA)**

**MSW-131 | MSW-132 | MSW-133 | MLE-016**

दिसम्बर 2026 एवं जून 2027 की सत्रांत परीक्षाओं के लिए लागू


समाज कार्य विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

# असाइनमेंट जमा करने संबंधी निर्देश: 2026–2027

प्रिय विद्यार्थी,

हम आशा करते हैं कि आपने आपराधिक न्याय समाज कार्य में प्रमाणपत्र (CCJSW) की प्रोग्राम गाइड को ध्यानपूर्वक पढ़ा होगा। उसमें यह स्पष्ट किया गया है कि सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र बनने हेतु निर्धारित समय के भीतर असाइनमेंट पूरा करना आवश्यक है। CCJSW के सभी असाइनमेंट ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट (TMA) हैं और सतत मूल्यांकन प्रक्रिया का हिस्सा हैं। जुलाई 2026 और जनवरी 2027 सत्रों में नामांकित शिक्षार्थियों के लिए MSW-131, MSW-132, MSW-133 और MLE-016 पाठ्यक्रमों के अलग-अलग असाइनमेंट दिए गए हैं।

**असाइनमेंट लिखने से पहले पाठ्यक्रम सामग्री को ध्यानपूर्वक पढ़ें।** पाठ्यक्रम या असाइनमेंट से संबंधित किसी भी शंका अथवा समस्या के लिए अपने अध्ययन केंद्र के संबंधित अकादमिक काउंसलर से संपर्क करें। आपसे अपेक्षा की जाती है कि पहले पाठ्यक्रम सामग्री का अध्ययन करें और उसके बाद असाइनमेंट तैयार करें। असाइनमेंट तैयार करने संबंधी निर्देशों का पालन करना आवश्यक है। आपके उत्तर स्व-अध्ययन के लिए उपलब्ध पाठ्य-सामग्री/ब्लॉकों की शब्दशः पुनरावृत्ति नहीं होने चाहिए।

**असाइनमेंट हस्तलिखित होना चाहिए और शिक्षार्थी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित होना चाहिए। प्रथम पृष्ठ पर पाठ्यक्रम का नाम, पाठ्यक्रम कोड, विद्यार्थी का नाम, नामांकन संख्या आदि विवरण अवश्य दिए जाने चाहिए।**

निर्धारित अंतिम तिथि से पहले अपना असाइनमेंट आपको आवंटित अध्ययन केंद्र पर जमा करें और उसकी रसीद प्राप्त करें। **भविष्य के संदर्भ/उपयोग के लिए प्रत्येक असाइनमेंट की एक प्रति अपने पास रखना अपेक्षित है।**

**असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से www.ignou.ac.in देखें।**

उपरोक्त निर्धारित समय-सीमा के भीतर असाइनमेंट पूरा करने के लिए आपको शुभकामनाएँ।

डॉ. बिनोद कुमार
कार्यक्रम समन्वयक
ईमेल: binodkumar@ignou.ac.in
ccjswinfo@ignou.ac.in

# सुधारात्मक संस्थागत परिवेश में सामाजिक कार्य हस्तक्षेप

पाठ्यक्रम कोड: MSW-131

अधिकतम अंक – 100

**नोट:**

निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **पाँच** के उत्तर लगभग **300** शब्दों में दीजिए।

सभी प्रश्न **समान** अंक के हैं।

1. समाज कार्य को व्यवहार-आधारित पेशे तथा अकादमिक अनुशासन के रूप में समझाइए। व्यावसायिक समाज कार्य दान, स्वैच्छिक कार्रवाई और श्रमदान से कैसे भिन्न है। 20

2. व्यावसायिक समाज कार्य के दार्शनिक आधारों को रेखांकित कीजिए। समाज कार्य के मूल्यों एवं नैतिकता के विकास की चर्चा कीजिए। 20

3. सामाजिक केस वर्क के चार घटकों—व्यक्ति, समस्या, स्थान और प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। सुधारात्मक परिवेश में उनके अनुप्रयोग के संदर्भ में सामाजिक केस वर्क हस्तक्षेप के चरणों की चर्चा कीजिए। 20

4. केस वर्कर–क्लाइंट संबंध तथा उसके मार्गदर्शक सिद्धांतों की चर्चा कीजिए। 20

5. भारत में सुधारात्मक संस्थाओं की संकल्पना, प्रकार एवं उद्देश्य को समझाइए। सुधारात्मक संस्थाओं में व्यावसायिक सामाजिक कार्यकर्ताओं की भूमिका स्पष्ट कीजिए। 20

6. हिरासत में रखी गई आबादी के पुनर्वास की संकल्पना एवं प्रक्रिया की चर्चा कीजिए तथा व्यावसायिक सामाजिक कार्यकर्ताओं की भूमिका को रेखांकित कीजिए। 20

7. सुधारात्मक संस्थाओं के प्रमुख वर्गीकरणों को स्पष्ट कीजिए तथा उन आधारों की चर्चा कीजिए जिनके आधार पर उनका विभेदीकरण किया जाता है। 20

8. गैर-संस्थागत सुधारात्मक परिवेशों में सामाजिक कार्य के अभ्यास के क्षेत्र को स्पष्ट कीजिए, विशेष रूप से प्रोबेशन, पैरोल, समुदाय-आधारित सुधार तथा पश्च-देखभाल के संदर्भ में। 20